# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक /वि.स./स्था./2025 रायपुर, दिनांक / /2025

**//कार्यालय -आदेश//**

आदेशानुसार, षष्ठम् विधानसभा का सप्तम् सत्र दिनांक 18.11.2025 को आहूत किया गया है। दिनांक 18.11.2025 को विधान सभा सचिवालय का कार्यालयीन समय प्रात: 09:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक रहेगा, किन्तु यदि सभा की बैठक निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती है, तो कार्यालय का समय सभा की बैठक समाप्त होने के 30 मिनट पश्चात् तक रहेगा। **शासकीय अवकाश दिवस दिनांक 16/11/2025 को कार्यालयीन समय प्रतिदिन अनुसार प्रात: 10:00 बजे से 5:30 तक रहेगा।**

**दिनांक 18/11/2025 को विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का समूह छायाचित्र भी निर्धारित है।** अत: समस्त अधिकारी/कर्मचारी **अनिवार्यत: सफेद शर्ट एवं गहरे रंग के पेंट के साथ नवीन प्रदायित ब्लेजर** में दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय आयेंगे। समस्त वाहन चालक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उन्हें प्रदाय किए गए निर्धारित वर्दी, जूते एवं टोपी पहन कर दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। **समस्त अधिकारी/कर्मचारी रजत जयंती संबंधित बैच भी अपने गणवेश में दृष्टव्य स्थान पर अनिवार्य रूप से धारित करेंगे।**

दिनांक 18.11.2025 को सभा की बैठक निर्धारित समय से पूर्व समाप्त होती है, तो समस्त बस निर्धारित समय पर तथा सभा की बैठक निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती है, तो सभा समाप्ति के 30 मिनट पश्चात् प्रस्थान करेगी।

निर्धारित कार्यालय समय के पश्चात् समस्त अधिकारी सचिव महोदय की अनुमति प्राप्त कर एवं समस्त कर्मचारी अपने प्रभारी अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर ही कार्यालय छोड़ेंगे।

आदेश से,

हस्ता/-

संचालक

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पृ. क्रमांक 14673/वि.स./स्था./2025 रायपुर, दिनांक 14/11/2025

प्रतिलिपिः-

01. मान. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव को मान. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ। कृपया अधीनस्थ अधि./कर्मचारियों को समूह छायाचित्र में उपस्थित होने संबंधी सूचित करने का कष्ट करें।

02. मान. नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के विशेष सहायक को मान. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ। कृपया अधीनस्थ अधि./कर्मचारियों को समूह छायाचित्र में उपस्थित होने संबंधी सूचित करने का कष्ट करें।

03. सचिव छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के स्टॉफ ऑफिसर को सचिव महोदय के सूचनार्थ।

04. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ व पालनार्थ।

05. सर्वर कक्ष।

14/11/25

प्रशासकीय अधिकारी

छत्तीसगढ़ विधान सभा